निगम भिलाई क्षेत्र में संचालित आश्रय स्थलों का निरीक्षण किए—आयुक्त

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में अलग—अलग जगहो पर आश्रय संचालित किया जा रहा है। यहां पर बाहर से आए हुए यात्री, विद्यार्थी, काम करने वाले मजदूर, राजनैनिक व्यक्ति आदि को ठहरने की सुविधा दी जाती है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी आश्रय स्थलो पर पहुंचकर, बाहर से आए हुए व्यक्तियों से जाकर मिले और उनको प्रदान की जाने वाली सुविधाओ के बारे में उनसे जानकारी प्राप्त किए। यह भी पूछे की उनको किसी प्रकार की समस्या तो नहीं हो रही है। यदि किसी को ठहरने की मूलभूत सुविधा की आवश्यकता हो तो उसे शीध्र पूरा करने का निर्देश दिए। आयुक्त पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देशित किए कि जो भी बाहर से आए हुए व्यक्ति है। उनको शासन के नियमानुसार मकान आबंटन की सुविधा दी जा सकती हो तो उन्हे मकान दिलाया जाए। आश्रय स्थलो के कमरे, दवारजा, खिड़की, पानी, बिजली, सोने के बिस्तर, शौचालय एवं साफ—सफाई का जायजा लिए और वहां के देखरेख करने वाले कर्मचारियो को निर्देशित किए कि समय पर आए एवं नियमित साफ—सफाई करवाते रहे। किसी प्रकार की समस्या होने पर उसका शीध्र निराकरण करे। आश्रय स्थलो पर ठहरे हुए लोगो से आयुक्त ने पास बैठक चर्चा की, उनके पढ़ाई, कला आदि को पूछा। कुछ बुजुर्गजनों ने आयुक्त को गाना गाकर भी सुनाए, गाना सुनकर आयुक्त बहुत ही प्रशन्न हुए। कुछ आश्रय स्थलो में जो असुविधा थी, उसे शीध्र दूर करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए। साथ ही यह भी कहा कि शासन की यह महत्वपूर्ण योजना है, इसका पालन करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान नेता प्रतिपक्ष भोज राज सिन्हा, जोन आयुक्त अजय कुमार सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, शशिभूषण मोहंती, राष्ट्रीय अजीविका मिशन के मिशन मैनेजर अमन पटले आदि उपस्थित रहे।